सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 489/सो.आ.नि.–156/2016
दिनाँकः 14 अक्टूबर, 2016

प्रेषक,

निदेशक
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

विषयः "सोशल आडिट–पारदर्शिता, जनसहभागिता तथा जवाबदेही हेतु प्रभावी टूल" विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय चतुर्थ कार्यशाला का आयोजन।

महोदय,

गत वर्षों में सोशल आडिट के दौरान प्राप्त अनुभवों से स्टेकहोल्डर्स को लाभान्वित करने, भारत सरकार द्वारा सोशल आडिट प्रक्रिया में किए गए नवीन परिवर्तनों के प्रति जागरूक बनाने तथा सोशल आडिट की गुणवत्ता में अभिवृद्धि एवं समस्याओं के निवारणार्थ **दिनांक 09–11–2016 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ के "सभागार" में एक दिवसीय चतुर्थ राज्य स्तरीय कार्यशाला** का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन **श्री अरविन्द कुमार सिंह "गोप", मा0 मंत्री, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा किया जाएगा।**

2– कार्यशाला को प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन, भारत सरकार के विशेषज्ञ, एन0आई0आर0डी0 हैदराबाद, एस0आई0आर0डी0 लखनऊ के विद्वतगण तथा आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 सम्बोधित करेंगे। कार्यशाला में शासन के सम्बन्धित अधिकारीगण, मण्डल स्तर पर तैनात सभी संयुक्त विकास आयुक्त, नामित मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जिला विकास अधिकारीगण प्रतिभाग करेंगे।

3– आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु अपने मण्डल के निम्नांकित अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें :–

(1) मण्डल के संयुक्त विकास आयुक्त
(2) जनपदों में तैनात मुख्य विकास अधिकारियों में से 02 मुख्य विकास अधिकारी।
(3) मण्डल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों में से 01 (एक)।

4– अपेक्षा की जाती है कि उक्त अधिकारीगण दिनांक 09–11–2016 को प्रातः 9.30 बजे **तक दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ** में अवश्य उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

भवदीय,

(राजवर्धन)
निदेशक।

Rks/desktop/gen letters